# मैं तेरा जोगी | By Shashwat Jain

जो भी राम के दर पे आएगा
वो राम का हो जायेगा

कैसे तेरी सजाऊँ नगरिया राम जब तुम आओगे
हनुमत जैसे अपने चरण में मुझको भी अपनाओगे
मैं आया हूँ रंग लाया हूँ खेलूंगा मैं होली
झूम झूम के रंग लगाऊं राम का मैं जोगी

सजी हैं गलियां फूलों सी सावन के झूलो सी
अमृत बरसे रसपान करे हम तेरे नाम के
मनभावन तुम प्यारे तुम्हारे रंग में रंग गए सारे
तुमसे लागी लगन अब जाएँ कहाँ
प्यासे हैं नैना मेरे दर्शन को कबसे तेरे, भर दो खाली झोली
नाचें गायें भक्ति में तेरी हम हैं तेरे जोगी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a5%80-by-shashwat-jain/